Newspaper March_ II_Layout 1 09-Mar-18 2:34 PM Page 1

A Newsletter by KUNDAN GREENVALLEY SCHOOL MARCH (II), 2018

KUNDAN TIMES

कुंदन बनाते हैं हम!

## Congratulations



महाराष्ट्र, में आयोजित 63वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में फर्स्ट रैंक प्राप्त करने पर कुंदन ग्रीन वैली स्कूल को बधाई देती डीइओ सतेन्दर कौर, साथ हैं स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा।

# हर परीक्षा में शिखर पर

### अकादमिक, स्पोर्ट्स अथवा सामाजिक मुद्दे हों, सभी जगह कुन्दन ग्रीन वैली के विद्यार्थी करते हैं कीर्तिमान स्थापित

### गत वर्ष एकाउंटेंसी विषय में जिले का टॉपर रहा कुंदन ग्रीनवैली का छात्र





बोर्ड परीक्षाओं में सौ प्रतिशत रिजल्ट आने के बाद विद्यार्थियों संग विजयी मुद्रा बनाते कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक

कुंदन टाइम्स

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ के विद्यार्थी हर परीक्षा में शिखर पर रहते हैं। फिर वह चाहे सीबीएसई बोर्ड के नतीजे हों या फिर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के नतीजे। कुंदन ग्रीन वैली के छात्रों और प्रबंधन में अच्छे नतीजे लाने के लिए ललक देखी जाती है।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के छात्र अपना परचम लहराते ही रहे हैं। गत वर्ष कॉमर्स स्ट्रीम का छात्र केशव मित्तल 98 प्रतिशत अंकों के साथ अकाउंटेंसी में जिले का टॉपर रहा है। वहीं साइंस स्ट्रीम की छात्रा हिमानी ने 95 प्रतिशत और हिमांशी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी प्रकार प्रीति पान्डेय ने साइंस स्ट्रीम के बायलॉजी विषय में 96 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल के 28 बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा ने बताया कि यह हमारे लिए हर वर्ष की बात है। हमारा रिजल्ट सौ प्रतिशत रहता है। इसके पीछे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सभी के अथक प्रयास काम करते हैं।

# पाठशाला के साथ-साथ संस्कारशाला भी कुंदन ग्रीनवैली स्कूल

### स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ संस्कार सिखाने के भी प्रकल्प मौजूद

कुंदन टाइम्स

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ में आने वाला हर विद्यार्थी एक आधुनिक गुरुकुल का ही छात्र है जहां उनकी सामान्य पढ़ाई के साथ साथ उनके संस्कारों पर भी कार्य किया जाता है। यह हम सभी जानते हैं कि हर व्यक्ति के अपने कुछ सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कार होते हैं लेकिन राष्ट्रीय संस्कार भी जीवन में महत्व रखते हैं। जिस पर कुंदन ग्रीन वैली स्कूल प्रबंधन कार्य करता है।

कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के संस्थापक निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा बताते हैं कि उन पर अपने दादाजी का बड़ा असर है। दादाजी के अनुसार व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके जाने के बाद भी अपना वर्चस्व रखता है। इसलिए हमें ऐसा व्यक्तित्व बनाना चाहिए जिससे देश एवं समाज का भी कल्याण हो और पीछे से कोई बुरी बात आपके बारे में कहे।

इसीलिए कुंदन में आने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं चरित्र निर्माण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सेवाएं



ली जाती हैं। बच्चों के साथ विभिन्न अवसरों पर हवन का आयोजन, सांस्कृतिक एवं सामाजिक नृत्य नाटिकाओं, गीत संगीत, वेशभूषा आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन, ध्यान योग की कार्यशालाओं का आयोजन आदि किए जाते हैं। जिनमें भागीदारी कर बच्चे अपने चरित्र का निर्माण करते हैं।




“Develop a passion for learning. If you do, you will never cease to grow.”

# कुंदन स्कूल के उभरते सितारे

## देश में खेल नीतियों के प्रभावीकरण तरीके से लागू होने का लाभ सभी स्तर के खिलाड़ियों को मिल रहा है। इससे कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के छात्र भी अछूते नहीं हैं।

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल की खेल हितैषी नीतियों के कारण अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे एक ओर जहां स्कूल का नाम रोशन होता है वहीं बल्लभगढ़ और राज्य हरियाणा का भी नाम रोशन होता है। निदेशक भारत भूषण शर्मा बताते हैं कि जब हमारे बच्चे सोना चांदी जीतकर आते हैं, तभी वो कुंदन कहलाते हैं। आइये जानें कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के कुछ बच्चों की उपलब्धियां-

**कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के छात्र मनीष नरवाल** एयर पिस्टल के खिलाड़ी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक गोल्ड और एक सिल्वर प्रतियोगिता में एक गोल्ड, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो गोल्ड, चार सिल्वर और छह ब्रोंज मैडल जीत चुके हैं। वहीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चार गोल्ड, चार सिल्वर और एक ब्रोंज अपने नाम कर चुके हैं।

**बल्लभगढ़ की भाटिया कॉलोनी निवासी दुष्यंत शर्मा** ने कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में प्री नर्सरी





में प्रवेश लिया था। वह आज नौवीं कक्षा के छात्र हैं और तलवारबाजी के खिलाड़ी हैं। कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी तलवार के वार दिखाने वाले दुष्यंत ने एक गोल्ड और दो ब्रोंज मैडल जीते हैं।

जीत चुके हैं। वहीं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 11 गोल्ड, दो सिल्वर औरतीन ब्रोंज मैडल जीत चुके हैं। इसके साथ ही स्टेट में 12 गोल्ड और एक सिल्वर सहित जिले में भी अनेक गोल्ड व सिल्वर जीत चुके हैं।

**प्री नर्सरी से कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में पढ़ रहे नकुल** बल्लभगढ़ की भाटिया कॉलोनी में रहते हैं। नौवीं कक्षा के छात्र नकुल की तलवार मैडल्स की बरसात करती है। वह अब तक राष्ट्रीय





प्रिंसिपल की कलम से

कमल अरोड़ा, प्रिंसिपल

# विचारों व संस्कारों की पोषकशाला अर्थात् कुंदन ग्रीनवैली स्कूल

कुंदन ग्रीनवैली विचारों से ही नहीं संस्कारों से भी समाज का अग्रणी स्कूल है। लेकिन किसी व्यक्ति या संस्थान को अचानक सफलता नहीं मिलती है बल्कि इसमें मेहनत, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ निस्वार्थ भाव से सद्कर्म करना भी जरूरी होता है और यह सभी गुण हमारे संस्थापक निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा जी में स्वाभाविक रूप से हैं।

सफलता के सही मायने वे ही समझ पाते हैं जो स्वयं एक-एक पत्थर जोड़ कर एक विशाल ईमारत बनाते हैं। इसके लिए उनका किसी विशिष्ट परिवार से जुड़ा होना भी कोई जरूरी नहीं है। सामान्य परिवारों में जन्म लेकर भी व्यक्ति असाधारण कार्य कर जाते हैं। ऐसे ही प्रतिभावान व्यक्ति श्री भारत भूषण शर्मा जी के कुशल निर्देशन में चल रहे कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में प्रतिभाओं को निखारने का कार्य बखूबी आयोजित हो रहा है।

हम सभी कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के शिक्षक, गैर शिक्षक साथी, अभिभावक और छात्र मिलकर निदेशक सर के आदर्श शिक्षा मापदंडों को पूरा करने में सहयोग कर रह हैं और हमें इस पर गर्व है।

# कुंदन में हुआ राष्ट्रीय स्कूल कैंप का आयोजन

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल के प्रागंण में निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा एवं एईओ श्री बुद्ध सिंह धनकड जी के करकमलों द्वारा फैन्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह सात



कुंदन ग्रीनवैली स्कूल में फेंसिंग प्रतियोगिता में भागीदारी करते खिलाड़ी।

दिवसीय अभ्यास कैंप कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें पंचकुला, करनाल आदि विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चों ने भागीदारी की। यह एक बड़ा सम्मान का अवसर स्कूल को प्राप्त होने पर निदेशक भारत भूषण शर्मा ने कहा कि यह अवसर हमारे कड़े अनुशासन, खेलहितैषी कार्यों के कारण ही मिल सका है।

इन नेशनल स्कूल कैंप में कुन्दन ग्रीन वैली के नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित नकुल, गौरव, सचिन, दीपिका, गुंजन, टीशा, प्रिया, चंचल और दिलीप ने भी भागीदारी की। उन्होंने बताया कि स्कूल में इस तरह के नेशलन लेवल के कैम्प का आयोजन किया जाता रहा है।



"Education is the Passport to the Future".

Newspaper March_ II_Layout 1 09-Mar-18 2:34 PM Page 3



# कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के बच्चे करते हैं सोने चांदी की बरसात

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के युवा खिलाड़ियों ने देशभर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सोने चांदी की बरसात कर रखी है। स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा का कहना है कि हम बच्चों पर मेहनत करते हैं और बच्चे हमारे भाव को सम्मान देते हैं। यही कारण है कि जीत कुंदनवालों के लिए पहली सीढ़ी हो जाती है।

फेंसिंग में ओवरऑल ट्रॉफी जीतने वाले कुंदन ग्रीनवैली स्कूल ने फेंसिंग की नेशनल प्रतियोगिता में 94 गोल्ड, 63 सिल्वर और 85 ब्रोंज मैडल, स्टेट में 982 गोल्ड, 770 सिल्वर और 530 ब्रोंज मैडल सहित जिला में 3500 से मैडल जीते हैं।

इसी प्रकार निशानेबाजी की इंटरनेशनल प्रतियोगिता में दो गोल्ड व एक सिल्वर, नेशनल में 12 गोल्ड, प्रदेश में एक एक गोल्ड, सिल्वर व ब्रोंज मैडल जीते हैं। आर्करी की नेशनल में एक सिल्वर व एक ब्रोंज, प्रदेश में दो गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रोंज जीते हैं। हमारे बच्चों ने बॉक्सिंग में आठ नेशनल और 11 स्टेट गोल्ड मैडल जीते। वहीं लगोरी, कबड्डी, क्रिकेट और ताइक्वांडो में भी हमारे खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।



श्री भारत भूषण शर्मा एवं दाएं कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के बच्चों का मनोबल बढ़ाने पहुंचे हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्रि श्री विपुल गोयल जी साथ हैं निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा।

## पढ़ाई में भी आगे हैं कुंदन ग्रीनवैली के स्टूडेंट

हमेशा सौ प्रतिशत रिजल्ट देने वाले कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के बच्चे अकादमिक भी बहुत अच्छे रिजल्ट देते हैं। यहां के बच्चों ने गत वर्ष में आयोजित साइंस ओलंपियाड में 12 गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रोंज जीते वहीं मैथ ओलंपियाड में 16 गोल्ड, 10 सिल्वर और 10 ब्रोंज, जीके में पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और 11 ब्रोंज सहित इंगलिश में चार गोल्ड, पांच सिल्वर और आठ ब्रोंज जीते।



मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र छात्रा को सौंपते स्थानीय विधायक श्री मूलचंद शर्मा एवं कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा।

# कुंदन का नारा वसुधैव कुटुंबकम

### कुंदन ग्रीनवैली में खुद अच्छी सीख सीखने के साथ साथ समाज को भी सिखाने में जुटे बच्चे

**कुंदन टाइम्स/फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीनवैली स्कूल में बच्चे अपने सामाजिक दायित्व सीखने के साथ साथ समाज को भी संदेश देने में जुटे हुए हैं। यहां के बच्चे कभी आपदा प्रबंधन की कला को सीखते हैं तो कभी समाज को बताते हैं कि उनके लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है। स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा ने बताया कि हमारा नारा वसुधैव कुटुंबकम है। यही कारण है कि हमारी पढ़ाई का पैटर्न सीबीएसई है लेकिन हमारे जीने का ढंग भारतीय है। हम अपने बच्चों को इस तरह से तैयार करते हैं कि जिससे वह समाज के जिम्मेदार नागरिक बनें। वह आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेते हैं तो फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण भी प्राप्त करते हैं। उन्हें आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण के बारे में भी पता है और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की भी जानकारी है। हमारे बच्चे खुद के साथ साथ समाज को भी इस ओर जागरुक करते हैं। इसके लिए वह विभिन्न नाटिकाओं, एकांकी, कविता, गाने, रैलियों, पोस्टरों आदि का सहारा लेते हैं।

# कुंदन के अर्थ को निखार रहा कुंदन ग्रीन वैली स्कूल

### बल्लभगढ़ की कुंदन कॉलोनी स्थित कुंदन ग्रीन वैली स्कूल है अनेक विशेषताओं का केंद्र

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की कुंदन कॉलोनी स्थित कुंदन ग्रीन वैली स्कूल ऐसी अनेक विशेषताओं का सहज केंद्र है जिसके लिए कुछ लोग केवल दावे करते हैं। इस स्कूल की भवन संरचना, शैक्षिक कार्यक्रम आदि सभी विशिष्टता लिए और गागर में सागर के जैसे हैं।

स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा ने बताया कि स्कूल की भव्य संरचना और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जहां बच्चों का मन पढ़ाई में लगता है। वहीं विशाल पुस्तकालय, आधुनिकतम तकनीक से युक्त भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब की उत्तम सुविधा भी बच्चों के लिए हितकारी है। हमारे यहां अभिभावकों के मार्गदर्शन के लिए अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। वहीं शैक्षिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति भी दी जाती है। इसके साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं का प्रबंध करना, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन प्रतियोगिताओं का आयोजन आदि भी किया जाता है।



इंटरस्पीच की ऑवर ऑल ट्रॉफी के साथ खुशी साझा करते कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के चेयरमैन स्व. शिवलाल शर्मा, निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा एवं छात्र।

निदेशक भारत भूषण शर्मा ने बताया कि कुंदन ग्रीनवैली स्कूल आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से विद्यार्थियों से संबंधित हर जानकारी प्रतिदिन अभिभावकों को एसएमएस और वॉइस कॉल द्वारा देता है। बच्चों के लिए विशेष म्यूजिक एंड डांस कक्षाओं, एक्सपर्ट द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन, उनकी जीत पर ढोल -नगाड़ों द्वारा जश्न, ट्रेनिंग कोच एंड इक्विपमेंट, छात्रों एवं अभिभावकों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढ़ाना भी हमारे दैनिक कार्य का हिस्सा हैं।



"An investment in knowledge pays the best interest".

Newspaper March_ II_Layout 1 09-Mar-18 2:34 PM Page 4







Owned, Edited & Published by Bharat Bhushan Sharma from Kundan Green Valley School, Ballabgarh, Haryana.
Concept, Designed & Printed by : ReSourceMedia, 5D/8D, NIT 5, Faridabad, Hr. Tel. 0129-4061753